(ग) यदि हां, तो उपरोक्त भाग (क) के बारे में अन्तिम निश्चय करते समय उस पहिले वाले कालेज के भाग्य का क्या फेसला किया जा रहा है ?

शिक्षा मंत्री (डा० का० ला० श्रीमाली) (क) हिमाचल प्रदेश प्रशासन का नाहन में एक राजकीय डिग्री कालेज स्थापित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है ।

(ख) जी हां ।

(ग) नाहन के वर्तमान कालेज की प्रबन्ध समिति अगले शैक्षणिक वर्ष (१९६३–६४) से संस्था को बदं करने का निश्चय किया है ।

अखिल भारतीय सेवाओं में विभागीय उम्मीदवार

२०२०. { **श्री भक्त दर्शन :**
श्री भागवत झा आजाद :

क्या गृह-कार्य मंत्री १० नवम्बर, १९६२ के अतारांकित प्रश्न संख्या २३२ के उत्तर के संबधं में यह बताने की कृपा करेंगे कि भारतीय प्रशासनिक सेवा तथा अन्य सम्बद्ध सेवाओं तथा प्रतियोगिता परक्षिाओं में सफल होने वाले द्वितीय श्रेणी के विभागीय उम्मीदवारों की नियुक्तियों में बराबरी की सुविधायें देने के जिस प्रश्न पर विचार किया जा रहा था, उसके बारे में क्या निश्चय किया गया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री हजरनवीस) : संभवत: सदस्य महोदय का आशय प्रथम श्रेणी की नियुक्तियों से हैं । इस प्रश्न पर संघ लोक सेवा आयोग की सलाह से विचार किया गया था तथा उन्हें प्रथम श्रेणी की सेवाओं में नियुक्त नहीं किया जा सका क्योंकि वे द्वितीय श्रेणी की सेवाओं में नियुक्ति के लिये ही पात्र हैं तथा संघ लोक सेवा आयोग ने उनको केवल ऐसे पदों के लिये ही योग्य बताया था ।

सीमेंट की जगह काम आने वाली वस्तु

२०२१. **श्री योगेन्द्र झा :** क्या वैज्ञानिक अनुसंधान और सांस्कृतिक कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच हैं कि केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्था ने सीमेंट की जगह उपयोग में आने लायक एक दूसरी वस्तु का अनुसंधान कर लिया हैं,

(ख) यदि हां, तो क्या इसके बड़े पैमाने पर उत्पादन का कार्यक्रम तैयार किया गया है ; और

(ग) अब तक की प्रगति का विवरण क्या हैं ?

वैज्ञानिक अनुसंधान और सांस्कृतिक-कार्य मंत्री (श्री हुमायून् कबिर) : (क) यह पता चला है कि चूने के साथ मिली सुधरी हुई अभिक्रियाशील सुर्खी का उपयोग राजगीरी के काम में सीमेंट की जगह किया जा सकता है ।

(ख) और (ग). जी नहीं । उसके उत्पादन में रुचि लेने वाली पार्टियों को-तकनीकी सलाह और मदद दी गयी हैं ।

हायर सैकेंडरी स्कूल, मालवीय नगर

२०२२. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री :** क्या शिक्षा मंत्री २१ जून, १९६२ के अतारांकित प्रश्न संख्या ३७३० के उत्तर के सम्बन्ध मैं यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) लड़कों के हायर सैकेंडरी स्कूल मालवीय नगर, नई दिल्ली मैं इमारत को बढ़ाने और उस मैं बिजली लगाने के बारे मैं क्या प्रगति हुई है ; और

(ख) देर होने के क्या कारण है ?